This file has been cleaned of potential threats.

To view the reconstructed contents, please SCROLL DOWN to next page.

**प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र - प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**CENTRE OF PLASMA PHYSICS - INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**
**सोनापुर-782 402, असम, भारत ,Sonapur-782 402, Assam, India**

**विज्ञापन संख्या 03/2020 (2)**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अन्वेषण और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर भाट गांव, गांधीनगर (गुजरात) में स्थित है एवं GIDC, सेक्टर -25, गांधीनगर में इसका एक परिसर है और गुवाहाटी में एक केंद्र भी है।

प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (CPP-IPR), प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान का एक केंद्र है। CPP-IPR, नजीराखत सोनापुर - 782 402, कामरुप(M), असम में स्थित है।

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित उम्मीदवार को प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, सोनपुर, गुवाहाटी, असम के केंद्र में कार्य करना होगा। हालांकि, भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर उम्मीदवार की सेवाओं को संस्थान के अन्य केंद्रों/परिसरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **पद का नाम** | **वैज्ञानिक सहायक-बी (एक पद)** |
| | **वर्ग** | **सामान्य** |
| **2** | **वेतन स्तर** | पे मैट्रिक्स के लेवल 6 (7वें सीपीसी) पर शुरुआती वेतन 35400/- |
| **3** | **आयु सीमा** | 30 वर्ष<br>(समय-समय पर केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी) |
| **4** | **अनिवार्य योग्यताएँ** | न्यूनतम 60% अंकों के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |

**चयन प्रक्रिया:**
विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक, योग्यता, अनुभव शैली आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं।

**आवेदन शुल्क :** आवेदन के लिए शुल्क का विवरण नीचे दिया है:

| **क्रम. सं** | **वर्ग** | **राशि** (₹) |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/अ.पि.व | 200/- |
| 2. | अ.जा/अ.ज.जा/महिला/पीडब्ल्यूडी/अ.क.व/भूतपूर्व सैनिक/आंतरिक उम्मीदवार | Nil |

**भुगतान की विधि: केवल ऑनलाइन माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)**

**ऑनलाइन भुगतान की पद्धति: Steps for Online Payment:**
1. Visit SBI Collect: **https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm**
2. Proceed →State of corporate / Institution: Gujarat
3. Type of Corporate / Institution: Others
4. Others Name: Institute for plasma Research
5. Select Payment Category: Application Fees-CPP-IPR
6. Make payment.
7. Print/Download receipt to fill details of payment in the Online Application.

## सामान्य सूचना

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया जा सकता है। विकलांग व्यक्तियों को भी अनारक्षित कोटे के लिए उनकी योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

2. ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें। यदि आप संतुष्ट है कि आप विस्तृत विज्ञापन में पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएं प्राप्त हैं तभी आप ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए आगे बढ़ें। अन्यथा प्रस्तुत किया गया आवेदन सरसरी तौर पर ही रद्द कर दिया जाएगा ।

3. हर तरह से सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारत करने की तारीख जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए ऑनलाइन भर्ती आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तारीख होगी ।

4. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें, क्योंकि गलत सूचना प्रस्तुत करने पर कम्प्यूटर आधारित लघु सूची बद्ध करने के दौरान आवेदन रद्द किया जा सकता है। भर्ती के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदन को संस्थान अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विशेष पद के लिए केवल एक ही ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करें; तथापि, यदि वह एक पद के लिए एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करता/करती है तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर "आवेदन सं." वाला ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र शुल्क, जहां भी लागू हो, सहित सभी प्रकार से परिपूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करते हैं उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि संस्थान द्वारा केवल उच्चतर "आवेदन सं." वाले ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र को ही स्वीकार किया जाएगा और एक "आवेदन सं." के लिए दिए गए आवेदन शुल्क को किसी अन्य "आवेदन सं." के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

6. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आ.क.व/अ.पि.व - गैर क्रीमी लेयर/पीडब्ल्यूडी वर्ग के तहत छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसे प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें "अनारक्षित (UR)" उम्मीदवारों के समान माना जाएगा।

8. सभी शैक्षणिक योग्यताएं केवल मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। किसी अन्य देशों से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

10. आयु के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई एक):
    i) जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि।
    ii) माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र (SSLC)।
    iii) मैट्रिक/माध्यमिक स्कूल प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख है।

11. संस्थान(IPR / CPP) के आंतरिक उम्मीदवार (स्थायी कर्मचारी) ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट के पात्र होंगे। किसी भी अन्य वर्ग (SC / ST / OBC / EWS) के तहत आयु में छूट पाने वाले उम्मीदवार आंतरिक उम्मीदवार के रूप में आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

12. सरकारी/अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदनों को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र लाना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जाएगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

13. साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गये उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे/बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष और सबसे कम दूरी से आने और जाने का तृतीय श्रेणी AC का रेल/राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

14. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पद के लिए आवास किराया भत्ता, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन योजना (PRIS) नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ता के बदले नि: शुल्क परिवहन संस्थान के नियमों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

15. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।

16. चूंकि संस्थान द्वारा केवल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना **सही और सक्रिय ई-मेल पता** भरने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवारों को भर्ती की नियमित अपडेट सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट को देखने भी सलाह दी जाती है।

17. परिशिष्ट/विलोपन/शुद्धिपत्र(यदि कोई हो) संस्थान की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा, http://www.cppipr.res.in/adv.html

18. इस विज्ञापन से होनेवाला कोई भी विवाद केवल गुवाहाटी में स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

19. CPP-IPR, उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या कोई भी कारण बताए बिना किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया, उनके रिकॉर्ड को चयनित सूची के प्रकाशन की तारीख से 1 वर्ष बाद संरक्षित नहीं किया जाएगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.cppipr.res.in/adv.html पर दिनांक 20/03/2020 तक शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ भेजना आवश्यक है:

1. विधिवत रूप से भरे गए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी के साथ हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपका हुआ हो।
2. सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ:
   i) आयु का प्रमाण
   ii) शैक्षिक मार्क शीट, डिग्री
   iii) अनुभव प्रमाण पत्र
   iv) निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र
   v) भुगतान रसीद की प्रतिलिपि (यदि लागू हो)
   vi) कोई अन्य संबंधित प्रमाणपत्र आदि।

उपरोक्त दस्तावेज नीचे दिए गए पते पर दिनांक 31/03/2020 को शाम 05.00 बजे तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिए। विलंब होने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्थान किसी देरी या निर्धारित अवधि में हार्डकॉपी की प्राप्ति न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**प्रशासनिक अधिकारी- I**
**भर्ती अनुभाग**
**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**भट, गांधीनगर- 382428 (भारत)**

लिफाफे पर स्पष्ट रूप से **विज्ञापन संख्या 03/2020 और ''वैज्ञानिक सहायक-बी'' के लिए आवेदन** लिखा होना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया संपर्क करें- recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।